आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

दिनांक 14.10.2024 समय: 2.10 PM

समाचार

सिंधिया - वैश्विक संगोष्ठी

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज कहा कि भारत ने मात्र 22 महीनों में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 80 प्रतिशत आबादी को कवर करते हुए 5जी दूरसंचार सेवाएं शुरू कर दी हैं। नई दिल्ली में 5वीं वैश्विक मानक संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए श्री सिंधिया ने कहा कि 5जी रोलओवर से 2040 तक अर्थव्यवस्था में 450 मिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश होने की उम्मीद है। पहली बार विश्व दूरसंचार मानकीकरण सभा भारत में आयोजित की जा रही है और इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए सौ से अधिक देशों के नेता नई दिल्ली में मौजूद हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल नई दिल्ली में आईटीयू-विश्व दूरसंचार मानकीकरण सभा 2024 का उद्घाटन करेंगे।

मुख्यमंत्री इंदौर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज को इंदौर के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे चार नए फ्लाईओवर का लोकार्पण करेंगे । मुख्यमंत्री शाम को भंवरकुंआ तथा फूटी कोठी फ्लाईओवर का लोकार्पण करेंगे। साथ ही वे खजराना और लवकुश चौराहे के फ्लाईओवर की एक-एक भुजाओं को भी आम जनता के लिए खोलेंगे ।संभागायुक्त और इंदौर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष दीपक सिंह ने बताया कि उक्त चारों फ्लाईओवर

के प्रारंभ होने से इंदौर के लाखों नागरिकों को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी।

एसपी बदले

राज्य शासन ने तीन जिलों के पुलिस अधीक्षक बदल दिए। इनमें सीहोर, विदिशा और टीकमगढ़ के एसपी शामिल हैं। गृह विभाग के आदेश अनुसार, सीहोर एसपी मयंक अवस्थी को पीएचक्यू पदस्थ किया गया है। 29वीं वाहिनी, विशेष सशस्त्र बल दतिया में सेनानी मनोहर सिंह मंडलोई को टीकमगढ़ का एसपी बनाया गया है। वहीँ, विदिशा के एसपी दीपक कुमार शुक्ला को सीहोर एसपी की जिम्मेदारी दी गई। टीकमगढ़ एसपी रोहित काशवानी को विदिशा का एसपी बनाया गया है ।

रेल ट्रैक सुरक्षा

जबलपुर रेलवे मंडल में 500 किमी लंबे रेलवे ट्रैक की सुरक्षा के लिए फेंसिंग लगाई जा रहीं है। अप-डाउन मिलाकर करीब एक हजार किमी लंबी फेंसिंग लगाई जानी है, जिसके लिए जबलपुर रेल मंडल के इंजीनियरिंग विभाग ने प्रक्रिया शुरू कर दी है।

पश्चिम मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हर्षित श्रीवास्तव ने बताया कि ट्रैक के दोनों तरफ फेंसिंग का काम अभी कोटा डिवीजन में चल रहा है, भोपाल और जबलपुर मंडल के भी कुछ स्थानों में काम शुरू हो गया है।

महाकाल बदलाव

उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में 18 अक्टूबर से भगवान महाकाल की दिनचर्या बदलेगी। सर्दी के मौसम में भस्म आरती में भगवान को गर्म जल से स्नान कराया जाएगा। प्रतिदिन होने वाली पांच में तीन आरती का समय भी बदलेगा। महाकाल मंदिर की पूजन परंपरा में गर्मी व सर्दी के क्रम में प्रत्येक छह माह में भगवान की दिनचर्या

बदलती है। वर्तमान में भगवान की दिनचर्या गर्मी के मौसम अनुसार चल रही है।

मौसम

प्रदेश में एक बार फिर बारिश का दौर शुरू हो गया है। डिंडौरी और उमरिया में आज सुबह भी बारिश हुई। इससे पहले कल भोपाल-उज्जैन समेत 12 जिलों में बारिश हुई। सबसे ज्यादा शाजापुर में 5 इंच पानी बरसा। ऐसा ही दौर आज भी बना रहेगा। मौसम विभागके अनुसार इंदौर-उज्जैन संभाग में भी बारिश होने का अनुमान है। हालांकि, प्रदेश के अधिकतर जिलों से मानसून विदा हो चुका है।

समाचार संक्षेप में...

1. छिन्दवाड़ा में कलेक्टर ने पी.एम. जनमन योजना से जुडे जिले के सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अवकाश आगामी आदेश तक प्रतिबंधित करते हुए उन्हें मुख्यालय में ही रहने को कहा है।

2. धार जिला मुख्यालय पर आज रोजगार मेले का आयोजन जिला आईटीआई केम्पस में किया गया है ।

3. आगरमालवा में आज उज्जैन-झालावाड़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई वही तीन अन्य घायल हो गये।

नमस्कार